तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 28 अगस्त 2024



12 बाल ग्वालों ने फोड़ी मटकी लूटी दही




11 बिजली की आंख मिचौनी ने बढ़ाई अंडा व आसपास ...





## खबर संक्षेप



### वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण 31 को

**बालोद/कुर्दी।** आगामी 31 अगस्त को ग्राम कुरदी में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू के करकमलों से 111 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एवं वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण होगा। ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय कुमार साहू, उपसरपंच झुलाराम ठाकुर, ग्राम पंचायत सचिव राजेन्द्र कुमार पिपरिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद भोजराज नाग करेंगे। उक्त कार्यकम सेवा सहकारी समिति मार्य कुर्दी के धान उपार्जन केन्द्र मैदान में होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रशासनिक अमला ग्राम में पहुंचा था। इस दौरान विकासखंड के प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सुरेश कुमाार साहू, तहसीलदार अर्जुन्दा प्रीतम साहू, जनपद सीईओ निकीता सुलताना, लोनिवि उपयंभिता लोकेश साहू, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पंकज चौधरी बबलु जैन, नोहर साहू उपस्थित थे।

### समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे गन्ना उत्पादक किसान

**बालोद।** जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक में गन्ने की बकाया बोनस राशि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। गन्ने की बकाया बोनस राशि नहीं मिलने से जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आठ माह बीत जाने के बावजूद गन्ना किसानों को बोनस की राशि नहीं मिल पाई है। इससे हमें परेशानी उठानी पड़ रही है। बैठक में गन्ना उत्पादक किसानों ने निर्णय लिया गया कि पुनः एक बार जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याएं बताकर उनके निराकरण का आग्रह करेगा। उसके बाद भी यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### मोडिफाइड सायलेसर वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** मोडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले 15 वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। चालको के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर क्षेत्र और सूर्या मॉल की ओर मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करवाहन चलाते युवक धरे गए।

### मानिकपुरी पनिका का तीज मिलन 1 को

**भिलाई।** रुआबांधा महिला इकाई द्वारा 1 सितम्बर दिन रविवार को सामाजिक भवन रुआबांधा में तीज मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें दुर्ग, भिलाई, पाटन, धमधा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति पुरस्कृत छत्तीसगढ़ी लोक गायिका रजनी रजक, समाज सेविका प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव निलिमा राबिन विशेष रूप से मौजूद रहेंगी।

## अटल समरसता भवन में लगाए गए अस्थाई स्वास्थ्य शिविर में की गई जांच

# कुसुमकसा में नहीं थम रहा डायरिया का प्रकोप, मंगलवार को फिर मिले 16 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

कुसुमकसा में डायरिया का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। मंगलवार को एक बार फिर पिस्दापारा क्रांति चौक, शिवनगर के 19 ग्रामीण अटल समरसता भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए अस्थाई स्वास्थ्य कैंप पहुंचे, जहां उनकी स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दी गईं। जांच के दौरान 16 मरीज उल्टी दस्त के व 3 मरीज बुखार पीड़ित थे।

बता दें कि मरीजों के उपचार के लिए अटल समरसता भवन में 10 बिस्तर लगाए गए हैं, जहां पीड़ित मरीजों का उपचार ड्रिप लगाकर व दवाइयां देकर किया जा रहा है। डॉ संजीव ग्लेड जिला नोडल अधिकारी जिला चिकित्सालय मंगलवार को अस्थाई स्वास्थ्य कैंप कुसुमकसा पहुंचे। वहां उन्होंने उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों का हालचाल जाना और उनको उपचार के लिए दी जा रही दवाईयों की जानकारी ली। साथ ही पीड़ित मरीजों को उनके घरों में जाकर उनकी जांच कर स्वास्थ्य लाभ से संबंधित जानकारी ली। डॉ ग्लैड ने पीड़ित मरीजों सहित उनके परिजन तथा ग्रामीणों को स्वच्छ पानी क्लोरिन टैबलेट डाल कर पीने के साथ ही खानपान में सावधानी रखने की सलाह दी। उन्होंने पानी उबालकर उपयोग करने की बात कही।

### कुसुमकसा पहुंचे जिला नोडल अधिकारी डॉ ग्लैड, जाना मरीजों का हालचाल, दी सलाह

#### पहले पीड़ित 15 में से 5 स्वस्थ, 10 का उपचार जारी

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार से सोमवार तक ग्राम के लगभग 15 उल्टी-दस्त से पीड़ित ग्रामीणों को उचित उपचार के लिए रिफर किया गया था। उनमें से मंगलवार को 5 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर आ गए हैं। वहीं, 10 मरीजों का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।




शनिवार को कुछ लोगों का स्वास्थ्य हुआ था खराब, सोमवार को बढ़े मरीज

कुसुमकसा में 34 हुई डायरिया पीड़ितों की संख्या, स्वास्थ्य विभाग ने गांव में डाला डेरा

दी जा रही दवा, पानी उबालकर पीने की सलाह

#### बोर के पानी का कुछ दिन उपयोग नहीं करने की सलाह

इस दौरान डॉ ग्लैड ने कहा कि जिस बोर के पानी का उपयोग प्रभावित परिवार सहित अन्य ग्रामीण उपयोग कर रहे हैं, उस बोर का पानी कुछ दिनों के लिए उपयोग नहीं लाएं। उधर, सोमवार को सुबह शाम व मंगलवार को सुबह ग्रामीण उक्त बोर के पानी का उपयोग कर रहे थे। हरिभूमि ने उक्त बोर के समीप पाइप लाइन से रिसाव का पानी पाइप के समीप के गड्ढे में एकत्रित हो रहा था व गड्ढे में एकत्रित पानी, काई युक्त पाए जाने पर पीएचई विभाग से जानकारी लेनी चाही तो दिखवाने की बात कही। वहीं उक्त बोर को कुछ दिनों के लिए बंद कर पाइप लाइन का संधारण कराकर गड्ढे को मिट्टी से भरने के निर्देश दिए।

#### अस्थाई कैंप में 24 घंटे डटे हैं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

अस्थाई स्वास्थ्य कैंप में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी 24 घंटे सेवा दे रहे हैं। मितानिनों के साथ क्रांति चौक, शिवनगर चौक से पिस्दापारा तक ग्रामीणों के घर-घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। उल्टी दस्त होने पर स्वास्थ्य कैंप में आकर उचित उपचार कराने या कैंप में जानकारी देने पर उनके घर पर ही दवाई देने की जानकारी दे रहे हैं। समरसता भवन में विजय ठाकुर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डोंडी, डा जेपी चुनारकर, डॉ तरुण गोटी, गोपीचंद, निर्मला साहू (सुपरवाइजर), आर आर ठाकुर, पुष्पा सपाटे, तामेश्वर भुवार्य, कल्पना, लोकेश्वरी, किरण राणा, योगिता साहू, ऋषी साहू, सहित मितानिन अमृता बाई, सरस्वती, रूपा सिन्हा, पदमा ध्रुवे, द्रोपदी बाई, कुलेश्वरी धुर्वे, गिरजा बाई सेवा दे रहे हैं।

#### अभी भी बरती जा रही लापरवाही

डायरिया को लेकर प्रशासन कितना गंभीर है यह देखने को मिला। जिस बोर के दूषित पानी के सेवन से डायरिया होने की आशंका जताई जा रही है, उस बोर के पास पाइप लाइन से पानी का रिसाव होने से गड्ढे में पानी जमा हो गंदा हो गया है, जिसमें कीड़े हो गए हैं। काई की मोटी परत जम गई है, किंतु उसकी सफाई नहीं कराई जा रही है। इसे लेकर न तो ग्राम पंचायत गंभीर दिख रही है और ना ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी।

# चावल मिल निर्माण पर रोक लगाने की मांग कलेक्टर से मिले ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम कंवर के ग्रामीणों ने मां चंडी मंदिर के समीप निर्माणाधीन चावल मील पर तत्काल रोक लगाने की मांग तथा सरपंच द्वारा एनओसी प्रदान करने के खिलाफ शिकायत करते हुए कलेक्टर के समक्ष आवेदन सौंपा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्राम कंवर गुरूर में प्रख्यात स्वयंभू मां चंडी सैकड़ों वर्षों से विराजमान हैं। इससे ग्रामवासियों के साथ ही व आस-पास के दर्जनों गांवों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। आस्था के साथ यह जिले के दर्शनीय स्थलों का प्रमुख केन्द्र है। इसी स्वयंभू मां चंड़ी मंदिर प्रांगण के समीप चावल मील का निर्माण किया जा रहा है, जो पर्यावरण एवं महिला सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुचित है। इसके निर्माण से जन आस्था को ठेस पहुंच सकती है। निर्माणाधीन चावल मील से लगभग 70-80 मीटर की दूरी पर लगभग 150 लोगों की आबादी है। चूंकि उक्त निर्माणाधीन चावल मील के लिए न ग्राम सभा मुनादी, न ही निविदा और न ही ग्रामीणों की बैठक में एनओसी के लिए किसी भी प्रकार के प्रस्ताव व अनुमोदन नहीं किया गया है। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत कंवर सरपंच द्वारा मनमाने तरीके से एनओसी प्रदान कर दी गई है और कार्य प्रगति पर है।

▪ ग्राम कंवर के लोगों ने सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस विषय पर महिला सुरक्षा जन आस्था को लेकर जन स्वास्थ्य पर्यावरण प्रदूषण जैसे मुद्दों को लेकर निर्माणाधीन चावल मील पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इसके साथ ही ग्रामीणों की बिना अनुमति, प्रस्ताव के सरपंच द्वारा एनओसी प्रदान करने तथा अनुचित रूप से कार्य करने के लिए उक्त चावल मील मालिक तथा सरपंच के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि यदि दस दिनों के भीतर उक्त मामले में कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा।

# समस्याओं से परेशान नगरवासियों ने नगर बंद कर निकाली बाइक रैली

## 8 सूत्रीय मांगों को लेकर शाम चार बजे तक पूरी तरह बंद रहा दल्लीराजहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

नगर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सर्व मंच द्वारा बाइक रैली निकाली गई। इसके कारण पूरे शहर में बंद का माहौल रहा। गुप्ता चौक को छावनी में तब्दील कर दिया गया, जहाँ पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क था। इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

मंगलवार को सर्व मंच की 8 सूत्रीय मांगों के आंदोलन का पहला दिन था। दल्लीराजहरा नगर विकास को लेकर नगर के व्यापारियों सहित विभिन्न वर्ग समाज वर्ग के लोगों ने बाइक रैली में शामिल होकर अपना समर्थन दिया और इस बात का संकेत दिया कि नगर विकास के लिए वह हमेशा साथ में हैं। दल्ली राजहरा शहर शाम चार बजे तक पूरी तरह बंद रहा। हालांकि संध्या 4 बजे के बाद दल्लीराजहरा शहर की सभी दुकान खुल गईं। पूर्व घोषित दल्लीराजहरा नगर बंद के साथ-साथ बाइक रैली का आह्वान सर्वमंच ने किया था। सर्व मंच के माध्यम से दल्लीराजहरा के गुप्ता चौक से बाइक रैली का आगाज हुआ। सभी दलों के लोग बाइक रैली में शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गों से बाइक रैली गुजरते हुए, पुनः बाइक रैली गुप्ता चौक पहुंची, जहां आम सभा के रूप में तब्दील हुई। इस आम सभा को नगर के प्रबुद्ध लोगों ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन, राज्य शासन, बीएसपी प्रबंधन नगर के विकास को लेकर गंभीर नहीं है। नगरवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं, जिसे लेकर आंदोलन करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि अपने अधिकारों को लेकर ही रहेंगे, चाहे आर पार की लड़ाई क्यों ना करनी पड़े। इस दौरान दल्लीराजहरा व्यापारी संघ के पदाधिकारी, विभिन्न समाज के प्रमुख ,ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि ,सामाजिक, राजनीतिक और अन्य दलों के लोग शामिल थे।

▪ वक्ताओं ने कहा- नगरवासियों के साथ किया जा रहा सौतेला व्यवहार

#### पूरा नगर छावनी में तब्दील

नगरवासियों की रैली को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने दल्लीराजहरा शहर को छावनी के रूप में तब्दील कर दिया था। चौक-चौराहों पर सैकड़ों की संख्या में खाकी वर्दीधारी दिखाई दे रहे थे। खास तौर पर गुप्ता चौक, जहां पर आंदोलन का आगाज हुआ था, वहां आम नागरिकों की संख्या से अधिक खाकी वर्दीधारी दिख रहे थे, जो शहर में चर्चा के विषय बना हुआ था।जिला पुलिस प्रशासन के अलावा राजस्व प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय था। अधिकारी पल-पल की खबरें ले रहे थे7, नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने कमान स्वयं संभाल रखी थी।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


### सरस्वती शिशु मंदिर पाररास में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर पाररास में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। भैया बहनों ने विद्यालय में राधा कृष्ण बनकर दही लूट का आनंद लिया। इस दौरान लक्ष्मी साहू एवं देव साहू ने श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में समस्त दीदी जी एवं प्रधानाचार्य तथा बच्चे उपस्थित थे।






# ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत शासकीय सेवक, अब यूपीएस का क्या होगा तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार द्वारा शासकीय सेवकों के लिए एक नई पेंशन योजना यूपीएस यानी यूनाइडेट पेंशन योजना लागू कर दी गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ के लिहाज से यह सवाल अहम है कि राज्य में यह योजना लागू होगी या नहीं। इस संबंध में खास बात ये है कि राज्य के 97 प्रतिशत शासकीय सेवक अपने लिए पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुन लिए हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से संकेत मिल रहे हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि इस पर अभी विचार नहीं किया गया है। यानी यूपीएस योजना फिलहाल राज्य में लागू होगी या नहीं। सवाल बना हुआ है कि यूपीएस योजना का राज्य में क्या होगा?

## छत्तीसगढ़ में ओपीएस का बोलबाला

इधर छत्तीसगढ़ की बात की जाए तो पिछली कांग्रेस सरकार ने यहां ओपीएस लागू करने का प्रावधान किया था। बाद में सरकार ने अधिकारियों कर्मचारियों से पेंशन योजना चुनने का विकल्प मांगा था। राज्य के 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था। इसके बाद प्रदेश में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद पेंशन योजना के सवाल पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसी आधार पर माना जा रहा है कि यहां ओपीएस लागू है। इसमें फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। जानकारों की मानें तो केंद्र सरकार ने यूपीएस के लिए राज्यों के समक्ष कोई बाध्यता नहीं रखी है। यह राज्यों के उपर छोड़ा है कि वे इसे अपने यहां लागू करें या नहीं। अभी केवल महाराष्ट्र सरकार ने कैबिनेट की बैठक कर यूपीएस लागू करने का फैसला किया है।

## यूपीएस के हैं ये फायदे

**सुनिश्चित पेंशन :** 25 वर्ष की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत। यह वेतन न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि तक कम सेवा अवधि के लिए आनुपातिक होगा।

**सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन :** कर्मचारी की मृत्यु से ठीक पहले उसकी पेंशन का 60 प्रतिशत।

**सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन :** न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 रुपये प्रति माह।

## महंगाई सूचकांक

**सुनिश्चित पेंशन पर, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन पर और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन पर**

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीई-आईडब्ल्यू) के आधार पर महंगाई राहत, सेवा कर्मचारियों के मामले में सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त भुगतान, ग्रेच्युटी के अतिरिक्त, सेवानिवृत्ति की तिथि पर मासिक परिलब्धियों (वेतन + डीए) का 1/10वां हिस्सा, सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए, इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी।

## लंबी खींचतान के बाद बनी है नई योजना

देश में पिछले कुछ साल से नई पेंशन योजना(एनपीएस) और पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। यह विवाद उस समय गहराया था, जब राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार ने राज्य में ओपीएस योजना लागू करने की बात शुरु की थी, और इसे लागू भी किया था। इसी क्रम में कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार ने ओपीएस लागू करने की पहल शुरु कर दी थी। इसके बाद कुछ और राज्यों ने ओपीएस पर जोर देना शुरु किया। इसके बाद केंद्र सरकार यूपीएस योजना लेकर आई है।

## खबर संक्षेप

### सिंधी समाज ने तेलीबांधा में मनाया थदड़ी पर्व




**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला विंग द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन पूज्य सिंधी पंचायत भवन तेलीबांधा में किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विश्व की सबसे छोटी महिला ज्योति आमगे, जिन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है, को आमंत्रित किया गया। ज्योति की लंबाई मात्र दो फीट है। उनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी आनंद कुकरेजा ने अपने उद्बोधन में थदड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पार्षद अजीत कुकरेजा, पूज्य सिंधी पंचायत रविग्राम के अध्यक्ष बसंत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के संरक्षक अशोक नैनवानी आदि ने समाज के लोगों को इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा ने की और अपने भाषण में संस्था के उद्देश्य को स्पष्ट किया। इस आयोजन में चार प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें डांस, जोड़ी नंबर वन, रैंपवॉक और ब्राइडल मेकअप शामिल रहे।

### नाले में गिरा सांड, निगम अमले ने सुरक्षित निकाला



**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 1 सड्डू की कालोनी में सोमवार को नाले में 1 सांड गिर गया। आसपास के इलाके के रहवासियों ने सांड को बाहर निकालने निगम अमले की मदद मांगी। जानकारी मिलते ही जोन 9 की टीम जेसीबी मशीन और काउकेचर लेकर स्पॉट पर पहुंची। श्रमवीरों की मदद से नाले में गिरे सांड को बड़ी मुश्किल से रस्सी का फंदा बनाकर जेसीबी मशीन के सहारे खींचकर नाले से सुरक्षित बाहर निकाला। सोमवार की सुबह हाउसिंग बोर्ड सेक्टर - 1 सड्डू कॉलोनी क्षेत्र के नाले में हट्टा कट्टा सांड के अचानक गिरने से रहवासी हड़बड़ा गये। इसकी जानकारी उन्होंने मोवा स्थित जोन 9 दफ्तर में दी। सूचना मिलने पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने जोन की टीम को स्पॉट पर भेजा। टीम ने जेसीबी मशीन और श्रमवीरों की मदद से नाले में गिरे सांड को बड़ी मशक्कत के बाद रस्सी का फंदा बनाकर सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता पद्माकर श्रीवास, अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदिव्य हजारी, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में काउकेचर टीम ने सांड को नाले से बाहर निकाला। रहवासियों ने इस कार्य के लिए निगम के टीम की सराहना की।

### भनपुरी में विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

**रायपुर।** भनपुरी के यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4 में विधायक मोतीलाल साहू की स्वीकृति से 2,23,74,000 रुपए की लागत से सड़क और नाली के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। गोवर्धन नगर में लंबे समय से सड़क, नाली और बिजली खंबों की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनता के अथक प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है। सुमित्रा जितेंद्र साहू ने वार्ड के विकास के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी देते हुए कहा कि छोटी-छोटी जनसुविधाओं के लिए वार्डवासियों को बहुत भटकना पड़ा। उन्होंने दरी तालाब के अंदर पार्षद निवास के पीछे अवैध निर्माण कार्य और गंगानगर, भनपुरी बाजार में कम रोशनी के कारण सब्जी बेचने वाले व्यापारियों को हो रही समस्याओं का जिक्र किया। कम रोशनी के कारण व्यापारियों को हर कनेक्शन पर 40 रुपए लाइट किराया देना पड़ रहा है।

## किसानों को भुगतना पड़ सकता है इसका दुष्परिणाम

# 15 दिन में लैब रिपोर्ट देने का नियम, कई हफ्ते-महीने लग रहे, इसलिए बाजार में बिक रहा अमानक फर्टिलाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कीटनाशक दवाओं की जांच के लिए कृषि विभाग द्वारा लिए गए करीब दो सौ सैंपल में 77 की लैब रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है। वैसे लैब से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का नियम है, लेकिन टेस्टिंग में ही कई हफ्ते-महीने लग रहे हैं, जिससे लैब से समय पर रिपोर्ट विभाग तक नहीं पहुंच पा रही है। इसका दुष्परिणाम किसानों को भुगतना पड़ सकता है। जितने कीटनाशक दवाओं की सैंपल रिपोर्ट नहीं आ पाई है, उससे संबंधित लॉट की कई दवाइयां कृषि केंद्रों के माध्यम से किसानों द्वारा खरीदी जा चुकी हैं। इनमें से कई किसान निंदाई के दौरान फसलों पर इसका छिड़काव भी कर रहे हैं, जबकि सैंपल रिपोर्ट नहीं आने के कारण यह पता नहीं चल पाया है कि टेस्टिंग में दवाइयां मानक हैं या फिर अमानक। अगर रिपोर्ट अमानक पाई जाती है, तो इससे दवाओं का फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे किसानों को बड़ी क्षति भी हो सकती है।



### जून में भेजे गए थे सैंपल

बारिश के मौसम में खेतों में धान सहित फसलों की सिंचाई, रोपाई के बाद अब निंदाई का काम शुरू हो गया। फसलों को कई किस्म की बीमारी से बचाने के लिए किसान विविध ब्रांड के कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। तीजा-पोला पर्व के बाद निंदाई के काम में और तेजी आएगी। इसके लिए किसानों द्वारा कृषि विक्रय केंद्रों से कई ब्रांड की कीटनाशक दवाओ की खरीदी की जा रही है। इन्हीं दवाओ में से कई दवाओं के सैंपल लेकर कृषि विभाग ने जांच के लिए जून माह में लैब भेजे थे, जिनमें से 77 सैंपलों की रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है। इधर रिपोर्ट आने तक दवाइयों की बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई है। इसके कारण कृषि केंद्रों में इस लॉट की कीटनाशक दवाइयां धड़ल्ले से बिक रही हैं। इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सैंपल की रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर ही बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

### मई में भेजे गए 4 सैंपल की रिपोर्ट भी लंबित

लैब में भेजे गए सैंपल में जिनकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, उनमें 4 सैंपल मई के भी शामिल हैं। इन सैंपल की रिपोर्ट तीन माह बाद भी विभाग को नहीं मिल पाई है। इस तरह लैब में टेस्टिंग का काम कछुए गति से चल रहा है।

### बीज के दो सैंपल की जांच भी अटकी

विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार धान बीज के सैंपलों को भी हर साल टेस्टिंग के लिए लैब भेजे जाते हैं। इस बार भी करीब 150 बीज के सैंपल टेस्टिंग के लिए भेजे गए थे। इनमें से 2 सैंपल की रिपोर्ट अब तक विभाग को नहीं मिला है।

### रिपोर्ट जल्दी भेजने लेटर जारी

लंबित सैंपलों की जांच जल्द कर रिपोर्ट भेजने के लिए लैब प्रभारी को लेटर जारी किया गया है। रिपोर्ट आने पर ही मानक और अमानक का पता चल पाएगा। अमानक मिलने पर सैंपल से संबंधित ब्रांड के लॉट की बिक्री पर रोक लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

- राजेंद्र कश्यप, उप संचालक कृषि विभाग रायपुर

## 13 हजार राशन दुकानों में स्टॉक वितरण रजिस्टर का अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य विभाग में करोड़ों रुपए के राशन घोटाले में विधानसभा समिति के सामने कई खुलासे हो रहे हैं। घोटाले की जांच में यह पाया गया कि 13 हजार राशन दुकानों का घोषणा पत्र, जिसमें राशन सामग्री की बचत जानकारी थी, पोर्टल से गायब करा दिया गया। जानकारी मिली है कि घोटाले को अंजाम देने के लिए खाद्य संचालनालय के अफसरों ने छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2017के नियम का ही पालन तेरह हजार राशन दुकानों के संचालकों से नहीं करवाया, ताकि राशन सामग्री का पता ही चल न सके।

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2017 के अध्यादेश की धारा 5(11) में ये उल्लेख है कि प्रत्येक राशन दुकान में स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर रहेगा। इन रजिस्टर का प्रारूप खाद्य संचालक द्वारा विहित किया जाएगा। 2020 से लेकर आज तक संचालक खाद्य के सामने



स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर का प्रारूप बना कर नहीं रखा है। दूसरी तरफ मैदानी अमले पर दबाव बना कर राशन दुकानों की जांच कर स्टॉक और वितरण रजिस्टर न होने की स्थिति में केस बनाने का दबाव डाला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अरबों रुपए के राशन घोटाले के संबंध में जांच समिति की ओर से खाद्य मंत्रालय से 16 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। बस्तर और सरगुजा संभाग के फूड अफसरों की बैठक में खाद्य संचालनालय के दोषी अधिकारी खुद को बचाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सभी संभाग जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि पूरी जानकारी भेजने के बाद समिति आगे इस मामले में निर्णय लेगी।

### गड़बड़ी वाली दुकानों की जांच पर जोर

सूत्रों ने बताया है कि संचालनालय में घोटाले का दोषी अधिकारी जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग कर नियम विपरीत बाजार से घटिया चावल खरीद कर स्टॉक बराबर करने का काम किया है। विधान सभा सचिवालय के द्वारा 2022 से 2024 की अवधि में निलंबित और एफआईआर कराए जाने वाले राशन दुकानों की विस्तार से जानकारी मांगी है। ये भी जानकारी मांगी गई है कि राशन दुकानों को दो माह का कोटा देने के बाद तीसरे महीने कोटा किस आधार पर दिया गया।

# एमसीएच कालीबाड़ी में बनेगा माड्यूलर ओटी, मरीजों को लिफ्ट की सुविधा भी

### तीन महीने में काम पूरा करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रसव सहित अन्य समस्याओं के लिए की जाने वाली सर्जरी अब माड्यूलर ओटी में पूरी होगी। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का निर्माण अगले तीन माह में पूरा किया जाएगा। इसके अलावा वहां आने वाले गंभीर मरीजों के उपयोग के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

वर्तमान में जिला अस्पताल कालीबाड़ी में तीन ऑपरेशन थियेटर हैं, जिनकी मदद से सीजर प्रसव सहित अन्य सर्जरी की प्रक्रिया पूरी की जाती है। मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए हुए यहां माड्यूलर ओटी बनाने की जरूरत महसूस हो रही थी। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल निरीक्षण के लिए एमसीएच कालीबाड़ी पहुंचे तो यहां




के चिकित्सकीय स्टाफ ने उन्हें इससे अवगत कराया था। मंत्री ने अगले तीन माह में यहां माड्यूलर ओटी बनाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर के माड्यूलर होने के बाद और सुरक्षित तरीके से ऑपरेशन किया जा सकेगा। इसके अलावा एमसीएच में आने वाले गंभीर और गर्भवती मरीजों की आवाजाही के लिए लिफ्ट लगाने का काम भी जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कैंटीन भी शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में धान की बुवाई 100 फीसदी, अब शुरू हुई गिरदावरी, बढ़ सकता है रकबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल खरीफ सीजन के धान की बुवाई सौ प्रतिशत हो गई है। साथ ही राज्यभर में राजस्व विभाग द्वारा फसलों की गिरादवरी का काम शुरू हो गया है। गिरदावरी की प्रक्रिया के दौरान ये जानकारी आ रही है, इस साल धान का रकबा पिछले साल के मुकाबले बढ़ सकता है। वजह ये है कि राज्य में धान की कीमत सबसे अधिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है। यही कारण है कि जिन किसानों ने पिछले साल अपने खेत में धान नहीं बोया था, वे भी इस बार धान लगा चुके हैं।

राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक पूरे प्रदेश में पटवारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में फसलों की गिरदावरी के काम में लग गए हैं। ये काम अगस्त से शुरु हुआ है। संभावना है कि राज्य भर में गिरदावरी का काम सितंबर के पूरे महीने में चलेगा। बताया गया है कि पटवारी गिरदावरी का काम मैन्युअल और ऑनलाईन दोनों सिस्टम से कर रहे हैं। किसानों के खातों में यह दर्ज किया जा रहा है कि उनके पास कुल जमीन में कितने रकबे में धान या अन्य कोई फसल लगाई गई है। राज्य में खरीफ सीजन में सबसे अधिक खेती धान की की जाती है।

## पूरे प्रदेश में पटवारी कर रहे हैं गिरदावरी



### बढ़ सकता है धान का रकबा

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 2712.63 हेक्टेयर रकबे में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले साल 2676 .53 हेक्टेयर में धान बोया गया था। यह बुवाई धान की सीधी बोवाई के माध्यम से हुआ है। राज्य में धान का रोपा 1152.46 हेक्टेयर रकबे में लगाया गया है। इस तरह कुल मिलाकर 3865.09 हेक्टेयर में धान की बुवाई हो चुकी है। यह लक्ष्य का सौ प्रतिशत है। पिछले साल इसी अवधि में 3747.25 हेक्टेयर में धान की बुवाई हुई थी। दूसरी ओर

राजस्व विभाग के सूत्रों का कहना है कि इस साल धान का रकबा बढ़ सकता है। वजह ये है कि राज्य में धान की सबसे अधिक कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है। इस हिसाब से प्रति एकड़ धान की कीमत 65 हजार रूपए से अधिक होती है।

### पिछले साल नहीं बोने वाले भी ले रहे हैं फसल

इधर रायपुर से लगे अभनपुर क्षेत्र से मिल रही जानकारी के अनुसार जिन किसानों ने पिछले साल अपनी खेतों में धान नहीं लगाया था, वे भी इस साल धान लगाए हैं। ऐसे किसान पटवारियों से मिलकर उन्हें जानकारी दे रहे हैं कि कितने रकबे में धान लगाया है। ये किसान पटवारियों से रिकार्ड में सुधार करवा रहे हैं। दरअसल जो किसान एक साल भी धान नहीं बोते है, उनकी जमीन के रिकार्ड में पड़त जमीन लिख दी जाती है। ऐसे में संबंधित किसानों का धान बेचने के लिए पंजीयन भी नहीं किया जाता है।

## प्रदेश संगठन को बनाने हैं 50 लाख सदस्य, सभी राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य

# पूरा साय मंत्रिमंडल, सांसद, विधायक, भाजपा के बड़े नेता भी जाएंगे सदस्यता अभियान के लिए बूथों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज अगले माह से होगा। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसके बाद अगले दिन से राज्यों में अभियान प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीन सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसी के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद सहित प्रदेश भाजपा, जिलों के पदाधिकारी भी



बूथों तक जाएंगे। हर छोटे से बड़े नेता को बूथों तक जाकर अभियान में सहभागिता निभानी है। सभी नेता अपने-अपने हिसाब से समय देंगे। प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पहली बार बड़ा फैसला लेते हुए अपनी पुरानी 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करते हुए सभी को 2024 से नया सदस्य बनाने का फैसला किया है। इसके लिए पूरी योजना तैयार हो गई है। देश भर में पुराने सदस्यों के साथ नए दस करोड़ सदस्य भी बनाने हैं। इसके लिए सभी राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य राष्ट्रीय संगठन ने नहीं दिया है, बल्कि राज्यों को खुद तय करने के लिए कहा है। राज्यों के छोटे-बड़े के हिसाब से सदस्यता तय की जा रही है। जहां एक तरफ छत्तीसगढ़ में पुराने और नए सदस्यों को मिलाकर 50 लाख का आंकड़ा पूरा करना है, वहीं पड़ोसी राज्य में मप्र में डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

### पूरा फोकस बूथों पर

भाजपा का हमेशा से बूथों पर ही फोकस रहता है, चाहे वह चुनाव की बात हो या फिर सदस्यता अभियान की। इस बार सदस्यता अभियान के लिए भी बूथों पर पूरा फोकस है। बूथों में 6 सितंबर से अभियान प्रारंभ होना है। बूथों तक मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश के बड़े नेताओं को भी बूथों तक जाने के लिए राष्ट्रीय संगठन के निर्देश हैं। ऐसे में सभी से कहा गया है कि वे देख लें कि किनको कहां जाना है। इसके लिए कोई तिथि तय नहीं है, सभी अपने कार्यक्रमों के हिसाब से समय निकालकर जाएंगे। सांसदों को जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने के लिए कहा गया है, वहीं विधायकों को दस-दस हजार सदस्य बनाने हैं। चाहे तो कोई इससे भी ज्यादा सदस्य बना सकते हैं। प्रदेश के मंत्रियों को भी विधायक होने के नाते दस-दस हजार सदस्य ही बनाने हैं। प्रदेश के मंत्रियों को जिलों में भी सदस्यता अभियान के प्रारंभ में जाने के लिए कहा गया है। जिलों का अभियान चार सितंबर से प्रारंभ होगा। इसके बाद पांच सितंबर को मंडलों और अंत में 6 सितंबर से लगातार बूथों में सदस्यता अभियान चलेगा। यह 25 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद फिर से 1 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलेगा।

### रोटरी क्लब ने किया एम. राजीव का सम्मान




**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कैपिटल के गठन का सिल्वर जुबली समारोह आयोजित किया गया। साथ ही साधनहीन बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निस्वार्थ भाव से कोचिंग उपलब्ध कराने वाली युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव को रोटरी इंटरनेशनल संस्था के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते हुए एम. राजीव ने उपस्थित लोगों को बताया कि आज के इस व्यावसायिकता के दौर में शिक्षा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों की पहुंच से कोसों दूर है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विगत 24 वर्ष पूर्व युवा संस्था की स्थापना की थी।

खबर संक्षेप



## छतौना में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर।** छतौना के सभी ग्रामवासियों ने मिल-जुलकर धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। मध्यरात्रि से ही समस्त ग्रामवासियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना की और ग्राम के चहुंमुखी विकास के लिए प्रार्थना की। उत्सव में गांव के यदुवंशियों, बच्चों और युवाओं ने कुछ दिन पहले ही मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई और साज-सज्जा का कार्य कर लिया था। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। पर्व को सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए ग्राम छतौना के समस्त ग्रामवासियों का काफी योगदान रहा।

## बेटी बचाओ मंच ने मनाई जन्माष्टमी



**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच टिकरापारा की महिलाओं ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया। इसी दौरान महिलाओं ने आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा शहर महासचिव अंजली यदु की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की झांकी के रूप में बच्चों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कृष्ण और राधा के बालरूप के साथ थिरकती महिलाओं ने ब्रज व वृंदावन का एहसास कराया। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के तस्वीर की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में मंच द्वारा चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आलता भेंट किया गया। कार्यक्रम में विशेष रुप से ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, रूपा यदु, आशा धीवर, किरण कर्ष, सुप्रिया धुवारे, नीतू साहू, रीना ठाकुर सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए।

## जरूरतमंदों के लिए कटोरा तालाब में स्वास्थ्य केंद्र

**रायपुर।** संत कंवरराम सेवा संकल्प संस्था द्वारा चिकित्सकीय जरूरतमंदों के लिए सिंधु डॉक्टर फोरम के वरिष्ठ चिकित्सकों के सहयोग से चैरिटेबल स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ गली नंबर-2 कटोरा तालाब में किया गया है। संस्था प्रमुख अमित जीवन व किशोर आहूजा ने बताया कि इस चिकित्सा केंद्र में 10 रुपए के नाममात्र शुल्क पर प्रतिदिन उपलब्ध चिकित्सक द्वारा मरीजों की जांच, मुफ्त दवाएं, ड्रेसिंग, इंजेक्शन, ग्लूकोज आदि की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने ये भी बताया कि किसी प्रकार की उच्च चिकित्सा आवश्यकता होने पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा मरीज को शहर के 11 प्रमुख चिकित्सालयों में एवं किडनी, दंत, हृदय, स्त्रीरोग, मनोरोग, नेत्ररोग तथा फिजियोथैरेपिस्ट, होमियोपैथी, आयुर्वेदिक के विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श तथा इलाज के लिए रेफर किया जाएगा, प्लास्टिक सर्जरी, ईसीजी, ईको, एमआरआई, हार्ट जांच, सोनोग्राफी, गायनिक जांच आदि के शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी।

## पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रदेश प्रवास 1 से

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएच सुरेश 1 और 2 सितम्बर को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री बहादुर सिंह हाडा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रविन्द्र पुरोहित, राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम पराते और पीआर मुरलीधरन भी प्रदेश प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान ये सभी दुर्ग औ जगदलपुर में आयोजित पेंशनरों के संभागीय सम्मेलन में भाग लेंगे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारी 2 दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ के दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

आयोजन : ग्राम कुआंगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए सांसद नाग

# जनता की समस्याओं को जानने व उनके निराकरण का कारगर माध्यम है शिविर

अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कहा- योजनाओं के क्रियान्वयन में दें पूरा सहयोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराग नाग ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर प्रशासनिक अमले एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनकी वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके मांगों एवं समस्याओं का समुचित निराकरण करने का कारगर माध्यम है।

सांसद नाग मंगलवार को जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कुंआगोंदी में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के चहुँमुखी विकास के लिए



कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों से आम नागरिकों एवं जनता जनार्दन की सेवा में पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से काम करते हुए शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सहयोग करने की अपील भी की। नाग ने कहा कि इस शिविर में आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के बाद प्राथमिकता के आधार पर आम जनता के मांगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरित

शिविर में अतिथियों ने 9 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण तथा 10 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इसी तरह लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को मछली पालन विभाग के अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स तथा खाद्य विभाग के द्वारा 4 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा शिविर में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत अंचल के उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वसहायता समूह की महिलाओं का सम्मान भी किया गया। इसी तरह 25 महिला स्वसहायता समूहों को ऋण, 13 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 5 हितग्राहियों को सीडलिंग का भी वितरण किया गया।

### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

इसके अलावा अतिथियों ने टी.बी. बीमारी के उन्मूलन के कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले निक्षय मित्रों, कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंआगोंदी के 2 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। वहीं, नन्हें–मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट भोजन खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती माताओं को पौष्टिक भोजन की थाल भेंटकर उनकी गोद भराई रस्म निभाई गई।

### शिविर में मिले 664 आवेदन, 255 का मौके पर ही हुआ निराकरण

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 664 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 255 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के अलावा शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, नगर पंचायत डौण्डी के उपाध्यक्ष डॉ. रूपेश नायक, एसडीएम रामकुमार सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधी उपस्थित थे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति पर प्रशंसा व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने जन समस्या निवारण शिविर के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने भी संबोधित किया।

## विनायकपुर में अखंड रामायण पाठ का हुआ समापन



**अंडा।** ग्राम पंचायत विनायकपुर के शीतला मंदिर में पांच दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां विगत 50 वर्षों से हर साल ग्रामीणों की सुख-शांति एवं कल्याण के लिए यह कार्यक्रम किया जाता है। उनका विश्वास है कि 5 दिवसीय अखंड रामायण पाठ करने से बारिश जरूर होती है। कार्यक्रम के लिए गांव में अलग-अलग मोहल्ले के हिसाब से टोली बनाई गई। सभी टोलियों के लिए समय सुनिश्चित कर दिया गया। सभी टोलियां अपने निर्धारित समय पर पहुंचकर रामायण पाठ करती हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भव्य शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान गांव के यादव समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में राऊत नाच के साथ दही लूट किया। शोभायात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ हुई, जो पूरे गाँव का भ्रमण करते हुए वापस शीतला मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें गांव की सभी मानस एवं सेवा भजन मंडलियों के साथ समस्त ग्रामवासियों का उत्साह देखने योग्य रहता है।

## धनगांव स्कूल में सहायक शिक्षक बमगरिया ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहरा

शासकीय प्राथमिक शाला धनगांव के सहायक शिक्षक विशम्भर सिंह बगमरिया ने अपने जन्मदिन पर 27 अगस्त को न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी 105 बच्चों को खीर, पूड़ी तथा मटर पनीर की सब्जी खिलाई गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मलेश पटेल, प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका विद्यावती साहू, उच्च वर्ग शिक्षक योगेश कुमार लातेंद्र, धनेश्वरी सोनवानी, उच्च वर्ग शिक्षक टेमेश्वर श्रीवास सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



## खरपतवार से पट गई नहर, किसानों ने की सफाई...

**गुरूर।** ग्राम डोकला में किसानों ने अपने खेत तक नहर से पानी पहुंचाने के लिए श्रमदान कर नाली की सफाई की। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण गंगरेल नहर शाखा से किसानों के खेतों में धान की फसल के लिए पानी छोड़ा गया है। किंतु, नहर की साफ सफाई समुचित ढंग से नहीं होने के कारण उनमें खरपतावार उग आए हैं। इससे पानी का बहाव बाधित हो रहा है। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने श्रमदान कर साफ सफाई की, ताकि खेतों में सिंचाई के लिए समय पर पानी पहुंच सके। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थिति अब की नहीं है इसके पहले भी हम ग्रामीण आवश्यकता पड़ने पर साफ सफाई करते हैं ताकि समय रहते सिंचाई के लिए पानी खेतों में पहुंच जाए।



## तुलसी जयंती महोत्सव व रामचरित मानस मिलन समारोह

**गुण्डरदेही।** रविवार को ग्राम चीचा में भरदा खुर्द, अर्जुनी, नाहंदा, डगनिया, सकरौद, खप्परवाड़ा, देवरी (ख) मानस आयोजक समिति के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी जयंती महोत्सव एवं रामचरित मानस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उसके बाद मंगलाचरण विशिष्ट वक्ता, संगीत, वादन, गायन द्वारा मानस संगोष्ठी और संध्या काल में सुन्दरकांड पाठ और महाआरती



की गई। इसके साथ ही अतिथियों को अनमोल रत्न सम्मान प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महात्यागी राम बालकदास महाराज, जगदीश देशमुख कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, लक्ष्मीनारायण गजभीम सरपंच चीचा गजपति राम साहू, हास्य कवि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, जसवंत सिन्हा, प्रभुलाल निषाद, लोकेश्वर प्रसाद चन्द्राकर, रोहित साहू, दुर्योधन साहू, तुलसी राम साहू, डोमन सेन, विमल साहू, विनय साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुढ़ियारी में शराब पीने के विवाद पर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में रविवार को शराब पीने के विवाद के दौरान एक युवक ने एक अन्य के सिर पर गमला पटक कर हत्या कर दी।

एक अन्य मामले में गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में आदतन बदमाश ने अपने साथियों के साथ जमकर उत्पात मचाते हुए घरों में तोड़फोड़ करने के साथ महिलाओं के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के विवाद पर दो समुदायों में जमकर मारपीट हुई। गुढ़ियारी में बदमाशों के उत्पात तथा छेड़खानी विवाद पर मारपीट का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। पुलिस के मुताबिक सूरज सिन्हा उर्फ वासू की हत्या के आरोप में भूपेंद्र यादव उर्फ भोपू को गिरफ्तार किया गया है। सूरज के साला गणेश वर्मा ने पुलिस को बताया है कि भूपेंद्र उसका दोस्त है। घटना दिनांक को वह अपने जीजा तथा दोस्त के साथ शराब पी रहा था। शराब पीने के दौरान भूपेंद्र के साथ गणेश का विवाद हो गया। विवाद के चलते भूपेंद्र, गणेश के साथ हाथापाई करने लगा।

## बिजली की आंख मिचौनी ने बढ़ाई अंडा और आसपास के ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



अंडा सहित आसपास के गांवों में बार-बार बिजली गुल होने के कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं। इस बरसात के मौसम में हवा तूफान व पानी गिरने पर लाइट गुल हो तो बात समझ में आती है, लेकिन इन दिनों बिना आंधी के भी लाइट कई घंटों तक बँद कर दी जाती है।

- ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप ने की व्यवस्था सुधारने की मांग

अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि दिन के साथ-साथ रात में भी लाइट बंद होना आम बात हो गई है। बिजली विभाग द्वारा बिना कोई सूचना दिये आये दिन बिजली बंद कर दी जाती है। वहीं, बार-बार बिजली जाने से इलेक्ट्रानिक उपकरण फ्रीज कूलर पंखा आदि भी खराब हो रहे हैं। बरसात के मौसम में जीव जन्तु से अंधेरे में डर वैसे ही बना रहता है। साथ ही इन परेशानियों के अलावा बार बार लाइट बंद होने से आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ रही है।



सोमवार की रात बिना बरसात हवा तूफान के लाइट बंद हो गई। इस पर सम्बन्धित कर्मचारियों को फोन करने पर फोन बंद बताया। उन्होंने कहा कि यदि फोन लग भी जाये तो रिसिव नहीं करते, वहीं बात होने पर टेकनिक्ल फाल्ट बता दिया जाता है। रात में गर्मी व मच्छरों होने के कारण ग्रामीण तीन बजे से सो नहीं पाए और बिजली की आँख मिचौली का सिलसिला आज दिन भर चल ही रहा है। उन्होंने बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद विद्यालय में शाला संचालन समिति गठित

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लाटाबोड़ में जनभागीदारी एवं शाला संचालन के लिए समिति का गठन किया गया। क्यामल साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर धरम सिंह साहू, हरीश चंद साहू, कश्चित साहू, पद्म डोमार सिंह कुंवर, कुमार हिरवानी, लिखन साहू, कोमिन यादव, चुम्मन साहू, केयत ठाकुर सहित शाला स्टाफ एवं अन्य ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### विनायकपुर विद्यालय में की गई विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति





**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में विधायक ललित चन्द्राकर ने मोतीलाल मार्कण्डेय को अध्यक्ष बनाया है। साथ में साहिलिक देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, लक्ष्मी साहू, डोमन देवांगन को सदस्य बनाया गया है। इन्द्राणी दिल्लीवार को विधायक प्रतिनिधि एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में डा.भूषण दिल्लीवार को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया है। वहीं, सरपंच ललिता भूषण गजपाल, त्रेता चन्द्राकर, तारकेश्वर चन्द्राकर स्मृति सोनी अध्यक्ष, भामिनी राज महार अध्यक्ष, ललित बाई साहू, गोदावरी देवांगन, डॉ सीडी देवांगन ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### धरोरा का छात्र खिलेश्वर तबला वादन में प्रथम



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा दुर्ग ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनोरा दुर्ग के कक्षा दसवीं के छात्र खिलेश्वर चीन्टू साहू ने कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में आयोजित प्रेज्ञोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्राचार्या सविता त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया।

### धूमधाम से मनाई गुरु बालकदास जयंती

**रायपुर।** न्यू राजेंद्रनगर स्थित अकादमी भवन में सोमवार को गुरु घासीदास के द्वितीय सुपुत्र, महान प्रतापी राजा गुरु बालकदास की 223वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाजजनों ने गुरुजी के छायाचित्र की विशेष पूजा-अर्चना कर मंगल आरती की।

## पर्व : अंचल में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

# बाल ग्वालों ने फोड़ी मटकी, लूटी दही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छोटे बच्चों को भगवान कृष्ण, बलराम, राधा की वेशभूषा में सुसज्जित किया गया। वहीं, हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की आवाज गुंजायमान हो रही थी। जगह-जगह मटका को सजाकर दही लूट का भी आयोजन किया गया। गाड़ा बाजा, बैंड बाजे की धुन पर साथ किशन कन्हैया, राधा, बलराम की वेशभूषा में गली भ्रमण कर दही लूट भी आयोजन किया गया। रंगमंच, बाजार चौक में भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। लोगों ने रस्साखींच, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ठेकबाडीह में रात्रि को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही लूट, पूरे 10 वार्ड में धूम कर आयोजन किया। समिति के लोगों ने छोटे बच्चों को सजाकर बाजे गाजे के साथ गली भ्रमण किया। कलामंच में बच्चों ने गानों पर नृत्य का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं दितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर ईश्वर साहू, गुलाब साहू, गिरधारी साहू, बृजराज साहू, जेआर साहू, नरोत्तम साहू, प्रेमलाल साहू, टिलेश्वर साहू, कन्हैया साहू, डा देवेंद्र साहू, डां महेंद्र साहू एवं युवाओं का सहयोग रहा। कोचवाही में भी यादव समाज के द्वारा दही लूट का कार्यक्रम आयोजित किया था। बाजार चौक से यादव समाज के गलियों में मटका फोड़ का आयोजन हुआ। रोहित यादव, सम्मू यादव सहित यादव समाज के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे। ग्राम पोंड, मुजालगोंदी, मरकाटोला, भरदा, घोघोपुरी, धनोरा, धोबनपुरी, रमतरा, तारीं, पेंवरो, धनोरा, टेंगना बरपारा, कपरमेटा, हितेकसा, बड़भूम सहित आसपास के ग्रामों में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

- राधा-कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए अनेक बच्चे
- अनेक स्थानों पर विविध खेलों का किया गया आयोजन





### दुग्गाबाहरा स्कूल में बच्चों ने किया गरबा, लूटी दही

**गुरूर।** मंगलवार को गुरुर विकासखण्ड के अंतर्गत प्राइमरी स्कूल दुग्गाबाहरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने गरबा नृत्य किया, वहीं उनके लिए स्कूल प्रांगण में दही लूट का आयोजन भी किया गया। प्रधानपाठक दिलीप लावत्रे के निर्देशन में बच्चों ने अनेक व्यंजनों से कला कृति को प्रदर्शित किया। जगह-जगह दही लूट का भी आयोजन किया जिसमें ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम होने के कारण छोटे से ग्राम में बच्चों ने उत्साहित होकर कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आयोजित किया। इस अवसर पर शिक्षक मुकेश साहू, डामन मंडावी, रामचन्द्र ठाकुर, ग्राम पटेल बिसम्भर उइके, पतिरामगोटी, सत्यनारायण उइके, सगरी राम कोमर्रा एवं ग्रामीण शामिल थे।

### एपीएस में हुई अनेक प्रतियोगिताएं बच्चों ने लिया दही लूट का आनंद



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से यूकेजी तक बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में साक्षात श्री कृष्ण और राधा रानी लग रहे थे। कक्षा पहली से दूसरी तक फैंसी ड्रेस कंप्टीशन रखा गया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक मटका सजाओ प्रतियोगिता रखा गया। कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों ने मटका फोड़ तथा हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी के बच्चों ने दही लूट का आनंद लिया। प्रबंधक हीराचंद राखेचा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन, पालक सलाहकार समिति से बलदेव यादव, एम.आर भंडारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### सशिमं खर्रा में जन्माष्टमी के अवसर पर हुए विविध कार्यक्रम



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर श्री कृष्ण एवं श्री राधा की वेशभूषा धारण किए भईया बहनों की फलदेव साहू प्रधानाचार्य एवं आचार्य परिवार ने पूजा की। उसके बाद बच्चों ने श्री कृष्ण, राधा, गोपी, ग्वालबाल रूप धारण कर ग्राम की गलियों में गीत भजन गायन करते हुए भ्रमण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भईया बहनों ने श्री कृष्ण राधा के जीवन दर्शन पर आधारित गीत छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोक परम्परा एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। जिला स्तरीय खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त भईया-बहनों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मंच संचालन सुखीत राम कलिहारी वरिष्ठ आचार्य ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, दीदी टुमेश्वरी पटेल, छबिलता पटेल, रंजना सिन्हा, चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, बीना साहू, भईया नोहरधर सूर्यवंशी, डाक्टर भोजू राम साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आभार व्यक्त हिरामन साहू सहसंयोजक द्वारा किया गया।



### सोनाईडोंगरी में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**गुरूर।** ग्राम सोनाईडोंगरी में कृष्ण जन्माष्टमी कोसरिया यादव समाज एवं ग्रामीणों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। यादव समाज द्वारा सुबह 11 बजे भगवान कृष्ण राधा के मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद कृष्ण राधा की वेश मे सजाकर भगवान कृष्ण राधा को बाजे गाजे राउत नाचा के साथ गली भ्रमण कराया गया। जहां चौराहों पर दही लूट का आयोजन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण राधा की जगह-जगह आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई। शाम 6 बजे मानस गान का आयोजन किया गया।

### तिरगा में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**अंडा।** ग्राम तिरगा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शीतला मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां यह कार्यक्रम विगत 82 वर्ष से हर साल राम सप्ताह टोली द्वारा आयोजित किया जाता है। सर्वप्रथम लड्डू गोपाल श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर उन्हें झूला में विराजमान कराया गया। फिर पंजरी का प्रसाद चढ़ाया गया। अगले दिवस कान्हा को पालकी में बैठकर भजन करते हुए गांव भ्रमण किया गया। इस दौरान चौराहों पर दही हांडी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रगति महिला मंडली, ग्राम सियान रामसाय बेलचन्दन, घसिया राम देशमुख, हीरालाल दिल्लीवार, गैंदलाल देशमुख, प. परमानंद तिवारी, रूखमण लाल, बाबूलाल देशमुख पटेल, सूरज कुमार, जितेंद्र देशमुख, उमेंद सिंह, कुशल, द्वारिका, रघुनाथ बैगा का सहयोग रहा।

### ग्राम नवागांव बी में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**जामगाँव आर।** ग्राम नवागांव बी में बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। गांव के साहड़ा देव की पूजा अर्चना कर गाली भ्रमण किया गया। भगवान के प्रति भक्तों की आस्था ने मंदिर को कृष्णमय बना दिया है। इस उपलक्ष्य में जगह-जगह पर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। वह कान्हा एवं उनके साथियों ने कलामंच पर ग्रामीणों के समक्ष अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अभिषेक सेन, दुष्यंत कुमार साहू, संजय यादव, रमेश यादव, वासु मंडल, मनिष कुमार, जितेश्वर साहू, उमेश यादव, दानेश्वर साहू, निलेश साहू, जयप्रकाश, देवांशु साहू, पंकज यादव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### फागुनदाह में बच्चों ने फोड़ी मटकी



गुरूर। ग्राम फागुनदाह में जन्माष्टमी के अवसर पर दही लूट का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने बच्चों को राधा कृष्ण बनाकर गलियों एवं चौराहों पर मटकी लटकाकर मटकी फोड़ दही लूट का आयोजन किया।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि प्रदर्शित की गई श्री कृष्ण की झांकी




**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दो दिवसीय चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया है।

चैतन्य झांकी का उद्घाटन बालोद एसपी एसआर भगत, एएसपी अशोक जोशी, ब्रह्माकुमारीज बालोद की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस आध्यात्मिक झांकी में श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रदर्शन किया गया है। सभी लीलाओं का आध्यात्मिक रहस्य बीके सरिता दीदी ने समझाया। इस अवसर पर बालोद एसपी. एसआर भगत ने कहा कि आज पूरे संसार को आत्मज्ञान की तलाश है, जो ब्रह्माकुमारीज सेन्टर पर आने से पूर्ण हो जाती है। एएसपी अशोक जोशी ने कहा कि श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं के माध्यम से हम इस दुनिया में क्यों आएं हैं, इन सब बातों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि जन्माष्टमी के दिन श्री कृष्ण के भक्त उनके चरित्र के आधार पर झांकियां तैयार करते और रथ आदि सजाकर उन झांकियों को पूरे नगर में घूमाते हैं। परंतु यह नहीं सोचते कि श्री कृष्ण का जीवन झांकियों के योग्य बना किस आधार पर। उन्होंने कहा कि झांकियों को देखने के बाद हमें अपने जीवन में भी झांकना चाहिए कि जिस श्री कृष्ण का हम आह्वान करते हैं, उनके समान हमने अपने जीवन में कहां तक श्रेष्ठता लाई है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का आह्वान करने के लिए पहले तो आहार, व्यवहार, विचार के शुध्दिकरण की आवश्यकता है।



### गंजईडीह में निकाली श्री कृष्ण की झांकी



डौंडीलोहारा। ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत ग्राम गंजईडीह में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। गांव के कोसरिया यादव समाज के साथ ही साथ यहां के ग्रामीणों द्वारा एकजुट होकर श्री कृष्ण की झांकी निकालकर दही लूट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, यादव समाज के सामाजिक बंधुओं अवध यादव, मोहित यादव, रामदेव यादव, भागवत यादव, संत राम यादव का जन्माष्टमी महोत्सव में विशेष योगदान रहा।

### सिंधी समाज की बैठक सभा समितियों का गठन

**रायपुर।** चालीहा महोत्सव की तैयारी को लेकर सामाजिक भवन में सोमवार को सिंधी समाज की बैठक हुई। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दो दिवसीय 27 और 28 अगस्त को भजन-कीर्तन और सत्संग का कार्यक्रम होगा। साथ ही एक भव्य जुलूस भी निकाला जाएगा, जिसमें आस की मटकी व बहराणा साहेब की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मरीन ड्राइव पहुंचकर समाप्त होगी। बैठक में सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थवानी, सुभाष बजाज और तनेश आहूजा ने बताया कि आयोजन के लिए अनेक समितियों का गठन किया गया है।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## जैन संत ऋषभ सागरजी मसा ने श्री कृष्ण की महिमा का किया वर्णन

# ज्ञान और धर्म को समझने वाले नहीं, बल्कि उन्हें जीवन में उतारने वाले महापुरुष होते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



ज्ञान और धर्म को समझने वाले महापुरुष नहीं होते, बल्कि उसको जीवन में उतारने वाले ही महापुरुष कहलाते हैं। जिनका जीवन उदाहरण बन जाये, जो सद्गुणों का भंडार हो, ऐसा व्यक्तित्व ही महापुरुष हो सकता है।

जैन संत ऋषभ सागरजी मसा अंतगड सूत्र का वाचन करते हुए श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर कृष्णजी की महिमा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण जी ने सदा धर्म और प्रेम को ही स्थान दिया। वे जहां भी जाते प्रेम बरसाते, धर्म का साथ देने उन्होंने धर्मयुद्ध करवाया। महाभारत के वे केन्द्र बिंदु थे किन्तु जीत का साराश्रेय पांडवों को दिया। श्रेष्ठ व्यक्ति वही है जो करता खुद है लेकिन श्रेय औरों को देता है।

संत श्री ने कहा कि उन्हें मक्खन बहुत प्रिय था, यहाँ पर मक्खन का अर्थ सार तत्व से है। जो सार तत्व है वो जहां से भी मिले जैसे भी मिले ग्रहण करना चाहिए। मक्खन की हंडी फोड़ने का आयोजन के पीछे यही उद्देश्य होता है कि अपने कर्मों की हांडी को फोड़कर उसमे से सार तत्व को ग्रहण करें। सार तत्व अच्छे संस्कार हैं, जहां संस्कार है वहां सुख, समृद्धि होती है। परमात्मा के बताए बातों की जब हम ही अवहेलना करते है तो पीछे बच्चों को गलत कैसे ठहरा सकते है।

उन्होंने कहा कि कृष्णजी के जीवन से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने हर रिश्ते को बखूबी निभाया। चाहे दोस्ती का रिश्ता हो, परिवार का रिश्ता हो या राजनीति हो, वे 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के चचेरे भाई थे तथा जैन आगम के अनुसार अगले 24 तीर्थंकरों में से एक तीर्थंकर कृष्ण जी होंगे।

